हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(द्वितीय सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 8 मार्च, 2018/17 फाल्गुन, 1939 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा वन मन्त्री].

कुल प्रश्न - 2

विकास कार्य हेतु धनराशि

5 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग को विभिन्न शीर्षों से कितनी धनराशि प्राप्त हुई, किन-किन कार्यों हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई तथा कितनी शेष है, उपमण्डलवार ब्यौरा दें;

(ख) इनमें से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कितने प्रगति पर हैं और कितने अभी तक शुरू नहीं किए; और

(ग) कितनी योजनाओं के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुके हैं, ब्यौरा उपमण्डलवार दें?

धनराशि की स्वीकृति

6 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में भू-संरक्षण विभाग ज़िला चम्बा को विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कुल कितनी धनराशि आबंटित की गई एवं कितनी व्यय हुई; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) कितनी योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, कितनी लम्बित हैं तथा कितनी योजनाओं के उपयोगिता प्रमाण-पत्र (Utilisation Certificate) प्राप्त हो चुके हैं; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**

दिनांकः 22 फरवरी , 2018. **सचिव।**